- "प्रशासन एक लम्बा तथा अंलकार युक्त शब्द है किन्तु इसका अर्थ सीधा–साधा है– लोगों की सेवा करना"– ई0एन0 ग्लैडन

- प्रो0 डोनहॉम के शब्दों में– "यदि हमारी सभ्यता असफल होती है, ऐसा मुख्यतया प्रशासन के पतन के कारण होगा।"

**अर्थ**— लोक प्रशासन के अर्थ से पहले प्रशासन शब्द जानना आवश्यक है। जब कभी दो या दो से अधिक व्यक्ति किसी ऐसे कार्य को करने के लिये सहयोग करते हैं। जिसे वे अकेले नहीं कर सकते तो उसमे प्रशासन के तत्व पाये जाते हैं।

प्रशासन संस्कृत का शब्द जो "प्र" उपसर्ग के साथ "शास" धातु से बना है— जिसका अर्थ प्रकृष्ट या उत्कृष्ट रीति से शासन करना है।

- प्रशासन शब्द का प्रयोग समान्यतया चार अर्थों में किया जाता है:—
- 1. मन्त्रीमण्डल का पर्यावाची।
- 2. सामाजिक विज्ञान की शाखा के रूप में।
- 3. लोक नीतियों को क्रियान्वित करने से सम्बन्धित समस्त क्रियायें।
- 4. प्रबन्ध के सभी कार्यों के लिये।

प्रशासन के लक्षण–

1.प्रशासन एक मानवीय प्रक्रिया है।

2. प्रशासन एक संगठित व्यवस्था का प्रतीक।

3. प्रशासन एक निश्चित उद्देश्य होता है।

4. उद्देश्य को प्राप्त करने के लिये समन्वित प्रमाण आवश्यक।

5. प्रशासन में सहयोगात्मक एवं संघर्षात्मक सभी प्रकार की क्रियायें।

- 6. नियोजन, निर्देशन और समायोजन के तत्व।
- 7. प्रशासन में एकरूपता होती है।
- 8. प्रशासन व्यवहारिक कठिनाइयों का समाधान खोजता है।
- 9. प्रशासन करने वाले व्यक्ति के पास अधिकार होता है।
- 10. प्रशासन का प्रयोग विशाल, व्यापक तथा औपचारिक संगठनों के लिये किया जाता है।

लोक प्रशासन का अर्थः— लोक प्रशासन दो शब्दों से मिलकर बना है। लोक और प्रशासन। लोक का अर्थ है सार्वजनिक या सारी जनता से सम्बन्धित। प्रशासन का अर्थ है— प्रबन्ध या व्यवस्था करना। इस प्रकार लोक प्रशासन का सीधा सादा अर्थ है सार्वजनिक कार्यों का प्रबन्ध करना अथवा उनकी व्यवस्था करना।

- प्रशासन शब्द अंग्रेजी शब्द Administration का हिन्दी रूपान्तर है। यह शब्द लैटिन भाषा के दो शब्दों– AD और Ministrare से बना है। जिसका अर्थ है सेवा करना या प्रबन्ध करना।

## परिभाषायें–

"लोक प्रशासन में वे सभी कार्य आते हैं। जिनका उद्देश्य सार्वजनिक नीति को पूरा करना अथवा लागू करना होता है"–

प्रो० एल०डी० व्हाइट

"लोक प्रशासन विधि को विस्तृत एवं क्रमबद्ध रूप में कार्यान्वित करने का नाम है। विधि को कार्यान्वित करने की प्रत्येक किया एक प्रशासकीय क्रिया है"–

वुडरो विल्सन

- "प्रशासन का सम्बन्ध कार्यो को सम्पन्न करने से है जिससे की निर्धारित लक्ष्य पूरा हो सके"–

  लूथर गुलिक

- "जन साधारण की भाषा में लोक प्रशासन से अभिप्राय उन क्रियाओं से है। जो केन्द्र राज्य तथा स्थानीय सरकारों की कार्यपालिका शाखाओं द्वारा सम्पादित की जाती है"–

  साइमन

## लोक प्रशासन का क्षेत्र–

1. कार्यरत कार्यपालिका का अध्ययन– (Study of the Executive in Action)
2. सामान्य प्रशासन– (General Administration)
3. संगठन सम्बन्धी समस्यायें– (Problems of organization)
4. सेवि–वर्ग की समस्यायें– (Problems of Personnel)
5. सामग्री प्रदाय सम्बन्धी समस्यायें– (Problems of Supply of Material)
6. वित्त सम्बन्धी समस्यायें– (Problems of Finance)
7. प्रशासकीय उत्तरदायित्व– (Administrative Responsibility or Accountability)

लोक प्रशासन के क्षेत्र के सम्बन्ध में लूथर गूलिक की अवधारणा–

लोथर गुलिक ने लोक प्रशासन के क्षेत्र के सम्बन्ध में अपनी अंग्रेजी के सात शब्दों के "पोस्डकोर्ब" POSDCoRB की अवधारणा का वर्णन इस प्रकार किया है।

**P - PLANNING** (योजना बनाना)

**O - ORGANISING** (संगठन)

**S - STAFFING** (कर्मचारियों की भर्ती)

**D- DIRECTING** (निर्देशन)

**Co - CO-ORDINATING** (समन्वय करना)

**R - REPORTING** (रिर्पोट तैयार करना)

**B- BUDGETING** (बजट तैयार करना)